की सहभागिता | यूनिटी मार्च का उद्देश्य राष्ट्र प्रेम, एकता और सद्भावना का संदेश देना है : अमिता चपरा

# पदयात्रा सभी वर्गों को जोड़ने का करेगी कार्य : सांसद हिमाद्री

**शहडोल, नवभारत।** भारत जब आजाद हुआ तब वह 562 राज व्यवस्थाओं में बंटा हुआ था। उन सभी राजाओं से बात करके एक वृहद राष्ट्र की स्थापना करने का महत्वपूर्ण कार्य किया तो वो दुनिया के लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने किया, इस राष्ट्र के निर्माता सरदार पटेल थे। यह यात्रा सभी समाजों को जोडने का काम करेगी।उक्त बात शहडोल लोकसभा सांसद हिमाद्री सिंह ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर यूनिटी मार्च भारत एकता यात्रा जिला स्तरीय पदयात्रा के समापन अवसर पर शहडोल नगर के जयस्तंभ चौक स्थित परिसर में कही।आगे उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा देश के सबसे बड़े नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निकाली जा रही है। आज भारत को तोड़ने का कुचक्र चलाया जा रहा है, ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है एक रहो सेफ रहो तथा एकता की आधारशिला समाज मे रहने वाला एक-एक वर्ग करे तथा सरदार पटेल के एकता के सूत्र को हम सभी को मजबूत करना है। यह यात्रा निश्चित रूप से शहडोल जिले के सभी वर्गों को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करेगी।सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को शहडोल नगर के कमला नगर स्थित अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय से यूनिटी मार्च का शुभारंभ मुख्य अतिथि शहडोल लोकसभा क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह द्वारा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा अध्यक्षता में ने यूनिटी पैदल मार्च का शुभारंभ किया गया।



इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि भारत एक सूत्र में बंधे व लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जिन्होंने छोटे-छोटे राज्यो को एकजुट कर एक शक्तिशाली राष्ट्र की स्थापना करि हमे एक भारत आत्मनिर्भर भारत बनाना है। आगे उन्होंने कहा कि इस यूनिटी मार्च तिरंगा पद यात्रा का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में राष्ट्र प्रेम, एकता और सद्भावना का संदेश प्रसारित करना है। यह यूनिटी मार्च शहडोल नगर के लल्लू सिंह चौक, बुढार चौक, न्यू गांधी चौक में गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए ,पुराना नगर पालिका ,अंबेडकर चौक, होते हुए शहडोल नगर के जय स्तंभ चौक में मनचिया कार्यक्रम के साथ यूनिटी मार्च पदयात्रा का समापन किया गया कार्यक्रम का सफल संचालन भाजपा जिला महामंत्री श्री अमित मिश्रा द्वारा किया गया यूनिटी मार्च पदयात्रा एक भारत आत्मनिर्भर भारत पदयात्रा में शहडोल जिले के विभिन्न मंडल अध्यक्ष व जिला पदाधिकारीगण, मातृशक्तियां, विभिन्न समाजजनों के अलावा सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जो हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय व वन्देमातरम का जयघोष करते हुए चल रहे थे व पदयात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र मिश्रा, मनोज गुप्ता, संतोष लोहानी, राकेश सोनी, जिला महामंत्री अमित मिश्रा, जिला मंत्री सौरभ गोले,रवींद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता बंटी, कार्यालय मंत्री अंकुश शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश विशनानी पुष्पेंद्र ताम्रकार, मंडल अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी, मृदुल मिश्रा ,अर्जुन सोनी, राजीव शर्मा, राकेश कुशवाहा ,सचिन सेठिया, नीलम चतुर्वेदी, रचना श्रीवास्तव, कल्याणी बाजपेई सहित भारतीय जनता पार्टी के जिला पदाधिकारी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता व मातृशक्ति, मण्डल के पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, मोर्चा के जिला अध्यक्ष, विभिन्न समाज के लोग व सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## विश्व धरोहर सप्ताह अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता

**शहडोल, नवभारत।** संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय मध्यप्रदेश भोपाल के तत्वाधान में कार्यालय संग्रहालय तीर्थंकर महावीर संग्रहालय एवं उद्यान शहडोल में 19 नवंबर से 25 नवंबर तक मनाए जा रहे विश्व धरोहर सप्ताह के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में पंडित शंभूनाथ महाविद्यालय, शासकीय रघुराज क्रमांक 2, महारानी लक्ष्मीबाई हायर सेकेंडरी स्कूल शहडोल, शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल सहित अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर पुरातत्व विभाग से सुरेंद्र सिंह मार्को, दिनेश प्रसाद द्विवेदी, भानु लाल यादव,संजय उइके आदि उपस्थित रहे।

### एक नजर में

## धान गहाई करते समय थ्रेसर में फंसने से किसान की मौत

**गोहपारू, नवभारत।** गोहपारू क्षेत्र के अंतर गत अंकुरी गांव में धान गहाई करते समय थ्रेसर में फंसने से किसान मानसिंह गोंड पिता बृजलाल सिंह गोंड़ उम्र लगभग 45 साल निवासी ग्राम अंकुरी की मौत हो गई पूरा मामला गोहपारू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंकुरी का है जहां दिनांक 23 नवंबर 2025 को समय 11:00 के लगभग किसान अपनी धान की गहाई ट्रैक्टर के थ्रेसर के माध्यम से कर रहे थे उसी समय किसान के कुछ अंग थ्रेसर के अंदर चला गया ।जिससे मौके पर मौत हो गई हल्ला गुहार करने पर पूरे गांव के इकट्ठा हुए एवं पूरे मामले की जानकारी गोहपारू पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही गोहपारू थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा अपने टी के साथ मौके पर पहुंचे एवं पूरे मामले की जानकारी लेकर बारीकी से जांच शुरू करते हुए शव को आपने कब्जा मे लेकर एवं पंचनामा बनाकर पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहपारू के लिए भेजा गया है एवं ट्रैक्टर थ्रेसर सहित थाना गोहपारू में ले जाकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। इस समय मौशम को देखते हुए किसान अपनी धान को ट्रैक्टर के थ्रेसर के माध्यम से गहाई करा रहे हैं उसी समय किसान मानसिंह पिता बृजलाल सिंह उम्र लगभग 45 साल की थ्रेसर में फंसने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



## नर्मदा बरगी परियोजना के हाल : पडखुरी-महरहाई सलैया मार्ग की सिंचाई नहर जर्जर

**नवभारत, कटनी।** नर्मदाबरगी परियोजना के तहत पडखुरी से महरहाई सलैया तक बनाई गई छोटी नहर की गुणवत्ता को लेकर बड़े सवाल उठ खड़े हुए हैं। महज आठ महीने पहले तैयार की गई यह नहर जगह-जगह से टूटना शुरू हो गई है। नहर की दीवारों के दरकने और पानी के रिसाव ने न केवल किसानों को चिंता में डाला है बल्कि पूरे परियोजना की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं।

स्थानीय किसानों ने बताया कि नहर का निर्माण पूरा हुए एक वर्ष भी नहीं हुआ है, लेकिन कई स्थानों पर नहर की दीवारें दरकने, टूटने और ढहने लगी हैं। पानी का रिसाव बढ़ने से नहर का उपयोग खतरे में पड़ गया है और भविष्य में इसके पूरी तरह नष्ट होने की आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि सिंचाई व्यवस्था के लिए यह नहर बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन इतनी जल्दी क्षतिग्रस्त होना निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रहा है। घटिया सामग्री का हो रहा उपयोग-नहर निर्माण में बड़े पैमाने पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने बताया काली गिट्टी की जगह लाइम स्टोन गिट्टी का उपयोग किया गया। इस प्रकार की गिट्टी पानी में जल्दी गल जाती है और मजबूत संरचना नहीं बन पाती। निर्माण के दौरान न तो गुणवत्ता परीक्षण हुआ और न ही निगरानी। इसके चलते नहर की मजबूती बेहद कमजोर हुई और संरचना कुछ ही महीनों में जर्जर होने लगी। किसानों की सिंचाई व्यवस्था पर असर-यह नहर आसपास के गांवों और खेतों की सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण है। नहर की खराब स्थिति से किसानों की फसलें प्रभावित हो सकती हैं। ग्रीष्मकाल और रबी सीजन में पानी की कमी का संकट खड़ा हो सकता है, और पूरे क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नहर निर्माण की तत्काल जांच कराई जाए। निर्माण एजेंसी या ठेकेदार के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। घटिया निर्माण में शामिल अधिकारियों और तकनीकी कर्मचारियों की भी जवाबदेही तय हो। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो आगामी सिंचाई सीजन में किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## सोनोग्राफी सेंटर में नहीं सुविधाएं, कतार में खड़ी रहती हैं गर्भवती

**नवभारत, कटनी।** जिला अस्पताल के सोनोग्राफी सेंटर गर्भवती व बीमार महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन सोनोग्राफी न होने के कारण जिस दिन सोनोग्राफी हो रही है उस दिन महिलाओं की भीड़ बढ़ जाती है। सेंटर के बाहर जगह पर्याप्त न होने से महिलाओं को मजबूरीवश कतार में खड़े होना पड़ता है तो वहीं कई महिलाएं मजबूरीवश फर्श में बैठ जाती है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा यहां मरीजों के अनुपात में बैठक व्यवस्था के इंतजाम नहीं किए गए हैं। यहां अव्यवस्थाएं हावी है। यही हाल अन्य ओपीडी के बाहर भी है। टोकन सिस्टम बंद होने से मरीजों को कतार लगाने मजबूर होना पड़ता है। मरीज बीमारी के चलते जमीन पर बैठने मजबूर हो जाते हैं।

## जिले में अब तक 51 बीएलओ ने किया एसआईआर के तहत 100 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन

▶ कलेक्टर ने 100 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन करने पर बीएलओ को किया सम्मानित

**शहडोल नवभारत।** निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत (एसआईआर) के कार्य में अब तक जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र ब्यौहारी, जयसिंहनगर एवं जैतपुर के 51 बीएलओ द्वारा 100 प्रतिशत मतदाताओं के गणना फार्मो का ऑनलाईन डिजीटलाईजेशन का कार्य किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने आज एस.आई.आर. के तहत 100 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन कार्य को 100 प्रतिशत करने वाले 27 बीएलओ को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने



सराहनीय कार्य के लिए बीएलओ को बधाई देते हुए कहा कि यह प्रयास मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं उसे अद्यतन करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमृता गर्ग, निर्वाचन सुपरवाइजर श्री संजय खरे ने भी उक्त बीएलओ को मतदाताओं के गणना फार्मो का ऑनलाईन डिजिटलाइजेशन का कार्य 100 प्रतिशत करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। एस.आई.आर. के तहत 100 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन कार्य करने वाले बीएलओ में विधानसभा क्षेत्र ब्यौहारी से सुधा जायसवाल, रधुवंश प्रसाद मिश्रा, विनोद कुमार मिश्रा, फूलमती पनिका, सौम्या पाण्डेय, रजनीश कुमार, नरेन्द्र, कुमार बैस, ऋशिदमन खैरवार, रामभजन बैगा, लवकेश कुमार, चन्दा देवी पाण्डेय, राजेश मिश्रा के नाम शामिल हैं। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र जयसिंहननगर से माया यादव, राजेन्द्र पाण्डेय, मलेलाल बैगा, कन्हैयालाल बैगा एवं विधानसभा क्षेत्र जैतपुर से इन्द्रपाल सिंह, बाबूलाल वर्मन, जानकी शुक्ला, हीरावती साहू, लल्लू सिंह, गणेश सिंह, रामखेलावन सिंह, अम्बिका पटेल, गंगादास टांडिया, सर्वेश चन्द्र शर्मा, रामकरण प्रजापति के नाम शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में शहडोल जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान 2026 चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शहडोल जिले में बीएलओ, बीएलओ सुपरवाईजर एवं एसआईआर कार्य में संलग्न कर्मचारियो द्वारा मतदाताओ से प्राप्त गणना पत्रक के डाटा को बीएलओ ऐप में डिजिटलाइजेशन का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

## जेल पुलिस कर्मी की संदिग्ध भूमिका

**नवभारत,कटनी।** जिला जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल तब उठ खड़े हुए जब स्थानीय नागरिक रवि नागवानी ने बुधवार को कलेक्टर को विस्तृत लिखित शिकायत सौंपते हुए जेल के भीतर चल रही अवैध गतिविधियों का खुलासा किया। शिकायत में सुरक्षा कर्मी राजभान दुबे को प्रमुख आरोपी बताया गया है, जिन पर आरोप है कि वे वर्षों से चयनित कैदियों को सुविधाएं दिलाने, प्रतिबंधित सामग्री सप्लाई कराने और पैसों के अवैध लेन-देन में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार कैदियों से पैसा लेकर पान मसाला, तंबाकू, गुटखा, सिगरेट जैसी प्रतिबंधित सामग्री अंदर पहुंचाई जाती है। कुछ सुरक्षा कर्मियों और अपराधियों के बीच गहरी सेटिंग बनी हुई है, जिसके चलते कैदियों को मनचाही सुविधाएं उपलब्ध होती हैं। जेल अधीक्षक स्तर पर भी इन गतिविधियों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हो रही, जिससे अवैध गतिविधियां फलती-फूलती जा रही हैं। कलेक्ट्रेट में शिकायत पहुँचने के बाद जेल प्रशासन हरकत में आया।

जेल अधीक्षक प्रभात चतुर्वेदी ने कहा सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त शिकायत में अब तक ठोस तथ्य सामने नहीं आए हैं। एक स्टाफ पर आरोप लगे हैं। मामले की विस्तृत जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। जेल में पूरी तरह चौकसी बरती जा रही है। कटनी जिला जेल में पूर्व में भी प्रतिबंधित सामग्री की सप्लाई से जुड़े मामले उजागर हो चुके हैं।

## कलेक्टर ने जर्मनी से पहुंचे अतिथियों का किया स्वागत



**शहडोल, नवभारत।** शहडोल की मिनी ब्राजील के नाम से प्रसिद्ध धरती पर पहुंचे जर्मनी के प्रतिष्ठित फुटबॉल क्लब के कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ, कौशिक मौलिक और मैन्युअल स्केफर का कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने भारतीय संस्कृति के अनुसार गर्मजोशी से स्वागत किया।कलेक्टर ने अतिथियों का सम्मान करते हुए उन्हें फूल माला पहनाई, शाल ओढ़ाई, तथा गौतम बुद्ध की प्रतिमा एवं फुटबॉल भेंट कर आत्मीयता प्रकट की। जर्मन कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फने भी अपनी पारंपरिक शैली में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं विचारपुर में फुटबॉल खेल की नींव रखने वाले फुटबॉल खिलाड़ी सुरेश कुंडे का स्वागत कर भारतीय आतिथ्य के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सहायक संचालक खेल रईस अहमद, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग से अजय सोंधिया, राजीव श्रीवास्तव, अनिल सिंह (कोच), लक्ष्मी सहीश, सीताराम सहीश, रहीम खान, नीलेंद्र कुंडे, नरेश कुंडे, जसराम साहू, रजनी सिंह, पुष्पराज सिंह, मीडियाकर्मी तथा बड़ी संख्या में फुटबॉल खिलाड़ी और कोच उपस्थित रहे।

## गुरु तेग बहादुर का शहीदी पर्व आज मनाया जायेगा

**शहडोल, नवभारत।** सिखों के नवे गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350 वा शहीदी पर्व गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा शहडोल में 25 नवंबर मंगलवार को मनाया जाएगा।इस अवसर पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की समाप्ति सवेरे 9:00 बजे होगी सुबह 11:00 से 11:30 तक गुरु घर के हजूरी रागी ज्ञानी धर्म सिंह जी द्वारा कीर्तन किया जाएगा इसके उपरांत स्त्री सत्संग समिति एवं छोटे बच्चों द्वारा कीर्तन किया जाएगा दोपहर 12:00 से 1:00 तक सामूहिक रूप से श्री गुरु तेग बहादुर जी की वाणी नवे मोहल्ले का पाठ किया जाएगा उपरांत अरदास। दोपहर 1:30 बजे से लंगर बरताया जाएगा । गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी शहडोल ने सभी नागरिकों से अपील करती है कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 वे शहीदी पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में गुरुद्वारा पहुंचकर गुरु जी का आशीर्वाद प्राप्त करें।



संवाद | मिनी ब्राजील के खिलाडियों में फुटबाल के प्रति नि:स्वार्थ प्रेम-जर्मन कोच, खिलाड़ियों से संवाद कर जुनून और प्रतिभा की सराहना की

# भारत के लिए 'मिनी ब्राजील' की उपमा अद्वितीय : डाइटमार बीयर्सडॉर्फ

**शहडोल,नवभारत।** जर्मनी के प्रतिष्ठित फुटबॉल कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फने कहा कि भारत के लिए 'मिनी ब्राजील' की उपमा अद्वितीय है। मिनी ब्राजील के फुटबॉल खिलाड़ियों में फुटबॉल के प्रति जो जुनून, हुनर और नि:स्वार्थ प्रेम है, वह बेहद सराहनीय और प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि दुनिया में बहुत कम जगहों पर फुटबॉल के प्रति ऐसा नि:स्वार्थ प्रेम देखने को मिलता है। यहाँ की प्रतिभा और उत्साह चार पीढ़ियो से लगातार जारी है, जो भारत के लिए गर्व की बात है। जर्मनी के प्रतिष्ठित फुटबॉल कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ ने शहडोल के मिनी ब्राजील के नाम मशहूर ग्राम विचारपुर के खिलाड़ियो से संवाद किया।

कोच बीयर्सडॉर्फने कहा कि ग्राम विचारपुर के कई खिलाडी जर्मनी में प्रशिक्षण के दौरान उनके मेहमान रह चुके हैं। उन्होंने कहा इन खिलाड़ियों ने जर्मनी में बेहतरीन प्रदर्शन किया। युवा खिलाड़ियो और उनके कोचों पर मुझे गर्व है। उनकी सरलता, शांत स्वभाव, दयालुता और दूसरे देश के प्रति अपनापन मुझे बेहद प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि मिनी ब्राजील के खिलाड़ियो में मौजूद समर्पण और लगन उन्हें एक दिन एक अलग पहचान अवश्य दिलाएगी।मिनी ब्राजील की धरती पर पहुंचने पर जर्मन कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ, कौशिक मौलिक एवं मैन्युअल स्केफर का स्वागत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान, नन्हे-मुन्ने फुटबॉल खिलाड़ियो और कोचों ने भारतीय परंपरा अनुसार हाथ जोडकर अभिवादन व पुष्पगुच्छ भेंटकर किया। जर्मन कोच ने सभी फुटबॉल खिलाड़ियो व कोचों से परिचय प्राप्त किया और उनके उत्साह, समर्पण और प्रतिभा की सराहना की।





### जर्मन कोच ने खिलाड़ियों एवं अभिभावकों से किया संवाद

जर्मनी के प्रतिष्ठित फुटबॉल क्लब के कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ ने 'मिनी ब्राजील' के नाम से प्रसिद्ध ग्राम विचारपुर के भ्रमण के दौरान जर्मनी में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ियों के परिवार जनों से मुलाकात की। कोच बीयर्सडॉर्फ 5 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक जर्मनी में विश्व स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों वीरेंद्र बैगा, लक्ष्मी सहीस और सानिया कुंडे के घर पहुंचे और उनके अभिभावकों से संवाद किया। उन्होंने खिलाड़ियों को विदेश भेजने और उनका उत्साह बढ़ाने के लिए अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। जर्मन कोच ने कहा छोटे से गांव से निकलकर इतने होनहार खिलाड़ी देश-विदेश में अपनी प्रतिभा से नाम रोशन कर रहे हैं, यह बेहद गर्व की बात है। अभिभावकों ने भी भारतीय परंपरा के अनुसार हाथ जोड़कर जर्मन कोच का अभिवादन किया और खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया।

### भारतीय परंपरा अनुसार हाथ जोड़कर किया अभिवादन

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम जैसे अन्य विश्व स्तरीय मंचों में मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के ग्राम विचारपुर की फुटबॉल टीम को 'मिनी ब्राजील' कहकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई।प्रधानमंत्री जी के उल्लेख के बाद जर्मनी के प्रतिष्ठित क्लब एफसी इंगोसटड 4 क्लब ने विचारपुर के खिलाड़ियों और कोच को 4 से 12 अक्टूबर 2025 तक प्रशिक्षण का अवसर प्रदान किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने में करने वाले विचारपुर से कुल पाँच खिलाड़ी और एक महिला प्रशिक्षक का चयन किया गया है। इनमें लक्ष्मी सहीस (कोच), सानिया कुंडे, सुहानी कोल, प्रीतम कुमार,वीरेंद्र बैगा, मनीष घसिया के नाम शामिल रहे। मिनी ब्राजील के नाम से पहचान बनाने वाला शहडोल का विचारपुर जहाँ के फुटबॉल खिलाड़ी अपने जुनून और प्रतिभा से मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं।